53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.6°c अधिकतम 35.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:01, सूर्यास्त - 6:41 | वर्ष : 53/ अंक : 95 | सोमवार, 07 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अनुभव की भट्टी में जो तपते हैं
दुनिया के बाजार में बस
वही सिक्के चलते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सपा के समाप्त होने तक अखिलेश यादव ही रहेंगे सपा अध्यक्ष : केशव प्रसाद मौर्य



ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए...औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए......

# देर रात रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला सिपाही का गोली लगा शव

## ▶ देर रात में ही घटनास्थल पर पहुंचे एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ▶ जिला विधिक सचिव की सुरक्षा में तैनात था सिपाही रूपेंद्र सिंह

**मुजफ्फरनगर, 6 अप्रैल (बु.)।** देर रात थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक सिपाही का शव मिलने से पुलिस में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो उक्त शव वर्तमान में सिपाही जिला विधिक सचिव का था।

सिपाही को बाई आंख में गोली लगी थी जो उसके सिर के आर-पार हो गई। पुलिस को घटनास्थल से सिपाही की सरकारी कार्बाइन, एक खोका कारतूस, जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है क्योंकि सिपाही का बैग, मोबाइल व सरकारी असलाह मौके से ही बरामद हुआ है। मूल रूप से जिला बुलंदशहर के थाना खानपुर के गांव शेखपुर गढ़वा निवासी रूपेंद्र सिंह वर्ष 2016 बैच के सिपाही थे, जो वर्तमान में जिला विधिक सचिव के यहां सुरक्षा में तैनात थे। रविवार रात लगभग 9:10 पर पुलिस को रेलवे स्टेशन से सहारनपुर की तरफ 300 मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रैक पर सिपाही रूपेंद्र सिंह का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। हाथोंहाथ एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया उक्त मामला आत्महत्या से जुड़ा लग रहा है, सिपाही यहां तक कैसे पहुंचा इसके लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी सिटी का कहना है कि सिपाही की 2018 में शादी हो गई थी। फिलहाल सिपाही जिला विधिक सचिव की सुरक्षा में तैनात था। प्रत्येक बिंदु पर गहनता से जांच की जा रही है। उनके आने के बाद सिपाही के मोबाइल की कॉल डिटेल को भी खंगाला जाएगा। क्योंकि सिपाही के पास सभी सामान बरामद हुआ है। सरकारी असलाह कार्बाइन के साथ एक खोका बरामद हुआ है, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा की कार्बाइन से एक से अधिक गोली चली है। अन्य खोको की तलाश कराई जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया है। सिपाही के परिजनों को मामले की सूचना कर दी गई है।









### सम्भवतः तनाव-ग्रस्त था सिपाही

**मुजफ्फरनगर।** रात में मृतक सिपाही रुपेन्द्र का शव मिलने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक सिपाही किसी न किसी तनाव में चल रहा था, तभी उसने आत्महत्या का निर्णय लिया। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा रहा है क्योंकि मजबूती के साथ गनर के रूप में अपनी सेवाओं को अंजाम दे रहा था। एकाएक सिपाही का गोली लगा शव मिलने से साफ प्रतीत हो रहा है कि उसने किसी भयंकर अवसाद में आकर ही इतना बड़ा निर्णय लिया है। घटनास्थल पर जब उसका शव देखा तो मीडिया कर्मियों से भी शव देखा नहीं गया क्योंकि कार्बाइन से निकली गोली सिपाही की आंख में लगी हुई थी, जिससे सिपाही रुपेन्द्र की आंख बाहर निकल गयी थी। जिस तरह से सिपाही ने खुद को गोली मार रखी थी, ऐसा कर पाना आसान काम नहीं है।



## प्रयागराज में गाजी की मजार पर लहराये भगवा झंडे



**प्रयागराज, 6 अप्रैल (एजेंसी)।** प्रयागराज में राम नवमी पर उस समय माहौल गर्मा गया जब महाराज सुहैल देव संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर भगवा झंडे लहरा दिये। यह भगवा झंडे सिर्फ दरगाह के आगे ही नहीं बल्कि तीन युवक एक दीवार के सहारे दरगाह के ऊपर ही चढ़ गए, जहां नारेबाजी करते हुए उन्होंने यह झंडे लहराए। युवकों की अगुवाई कर रहे नेता मनेन्द्र प्रताप सिंह ने खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताने से भी गुरेज नहीं किया। उनका कहना था कि तीर्थराज प्रयाग में किसी प्रकार की कोई दरगाह नहीं होनी चाहिए। दरगाहों को ध्वस्त करके उन्हें हिन्दुओं को पूजा पाठ के लिए सौंप देना चाहिए। जैसे ही उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो युवक पुलिस आने से पहले ही वहां से भाग गए। युवकों के ऐसा करने से प्रयागराज का माहौल गर्मा गया। बताया जाता है कि महाराजा सुहैल देव सम्मान सुरक्षा मंच के पदाधिकारियों ने डीएम और पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया था और यह दरगाह प्रयागराज से 40 किमी दूर स्थित है। डीसीपी कुलदीप गुनावत ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त वीडियो सामने आने के बाद वीडियो की जांच की जा रही है। मामला सिकंदरपुर इलाके का है, जहां बीस से ज्यादा युवक बाइक निकालते हुए दरगाह पहुंचे थे, जिनमें से तीन युवकों ने एक दीवार के सहारे गुम्बद पर चढ़कर भगवा झण्डे लहराये थे। झण्डा लहराने वाले मनेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी प्रोफाइल में खुद को इलाहाबाद सैंटर यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्रनेता भी लिखा है। वह करणी सेना का प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुका है।

## दबंगता का वीडियो वायरल, आये दिन बढ़ रही गुण्डागर्दी

**मुजफ्फरनगर, 6 अप्रैल (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के लद्दावाला में उस समय एक दबंगता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जब एक कार सवार युवकों ने दूसरी कार सवार युवकों को उनका पीछा करते हुए रोकने का प्रयास किया। दरअसल लद्दावाला में भोपा थाना क्षेत्र के ककरौली के गांव चौरावाला से बारात आई हुई थी। इसी बारात में रामपुरी के कुछ युवक गए हुए थे जहां दो पक्षों में किसी बात को लेकर बहस हो गयी। वहां तो दोनों पक्षों के लोगों ने बीच बचाव कराकर मामला शांत करा दिया मगर जब उक्त चौरावाला के युवक बारात से वापस लौट रहे थे तो रामपुरी के युवकों ने गुण्डागर्दी के स्टाइल में उनकी गाड़ी ओवरटेक की और उन्हें रोकने का प्रयास किया। गाड़ी रुकते ही रामपुरी के युवकों ने चौरावाला के युवकों पर हमले का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रामपुरी के युवकों को चकमा देते हुए एकाएक गाड़ी बैक की और गाड़ी को दौड़ा दिया। थाना प्रभारी उमेश रोरिया का कहना है कि मामले में तहरीर आ चुकी है। मामले की जांच कराई जा रही है।**

### हाथों में बेसबॉल की स्टिक, डंडे लेकर बाइक सवारों ने किया हुड़दंग

**मुजफ्फरनगर।** जैसा कि लगातार जनपद में यह देखा जा रहा है कि खुलकर आवारा युवकों की गुण्डागर्दी सामने आ रही है। इसी क्रम में शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर एक बार फिर पुलिस से बेखौफ होकर ऐसा ही एक वीडियो सामने आता दिखाई दिया। लगभग 40 सैकेण्ड के इस वीडियो में बाइक पर सवार युवक टोली बनाकर हुड़दंग करते दिखाई दे रहे हैं। हुड़दंग करते हुए बैक ग्राउंड में गाना बजाकर रील बनाई जा रही है। उक्त वीडियो नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। लगातार इस तरह के हुड़दंग के वीडियो आए दिन सामने आते दिखाई पड़ते हैं, इसी से एहसास हो जाता है कि पुलिस का खौफ आम आदमी के दिलों में कितना है और कितना नहीं।

### बहन पर अश्लील टिप्पणी का विरोध किया तो आरोपियों ने किया भाई बहन पर हमला

**मुजफ्फरनगर, 6 अप्रैल (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के कूकड़ा में क्षेत्र निवासी एक युवती शनिवार की रात अपने भाई के साथ गांधी नगर स्थित एक डेयरी पर दूध लेने जा रही थी। जब दोनों भाई बहन वापस लौट रहे थे तो सब्जी मण्डी के निकट वाल्मीकि चौराहे पर बाइक पर सवार कुछ युवक दोनों भाई बहनों का रास्ता रोककर खड़े हो गए और युवक की बहन पर अश्लील टिप्पणी करने लगे। भाई ने इसका विरोध किया तो आवारा युवकों ने गलती मानने के बजाए दोनों भाई बहनों पर हमला कर दिया। भाई बहन ने घर जाकर मामले की जानकारी अपनी मां को दी तो युवती की मां ने मंडी कोतवाली को तहरीर देते हुए बताया कि कुछ युवक तीन दिन से उसकी बेटी का पीछा कर रहे थे और शनिवार रात उन्होंने बेटी पर अश्लील टिप्पणी करते हुए भाई-बहन दोनों पर हमला किया।

## वर्टिकल लिफ्ट स्पैन, दो किलो मीटर लंबाई... देश को मिला पंबन रेल ब्रिज



**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम द्वीप और मुख्यभूमि को जोड़ने वाले पांबन समुद्र पुल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, उन्होंने रामेश्वरम-ताम्बरम (चेन्नई) नई ट्रेन सेवा की शुरूआत की। इसके अलावा, पीएम मोदी ने एक कोस्ट गार्ड शिप को भी फ्लैग ऑफ किया। यह पुल रामेश्वरम को देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। पांबन समुद्र पुल भारत का पहला वर्टिकल सी-लिफ्ट ब्रिज है, जिसकी लंबाई 2.08 किलोमीटर है और इसमें 99 स्पैन हैं। इसमें 72.5 मीटर लंबा वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जो 17 मीटर तक ऊंचा उठ सकता है। इससे बड़े जहाजों के आसानी से गुजरने की सुविधा होगी, जबकि ट्रेन संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी। इस पुल को बनाने में 550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। पुल की संरचना को मजबूती देने के लिए 333 पाइल्स और 101 पियर्स/पाइल कैप्स का उपयोग किया गया है। यह पुल दो रेल ट्रैक के लिए डिजाइन किया गया है और भविष्य में विस्तार की संभावना को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया गया है। पुल पर पोलिसिलोक्सेन पेंट का उपयोग किया गया है, जो इसे जंग से बचाता है और समुद्री पर्यावरण में इसकी लंबी उम्र सुनिश्चित करता है। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि, राज्य के वित्त मंत्री थांगम थेनारसु और अन्य नेता मौजूद थे। श्रीलंका से लौटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत तमिलनाडु के वित्त मंत्री, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन, भाजपा नेता के. अन्नामलाई और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने किया।

## बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगी आग, मचा हड़कंप

**उज्जैन, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में एक ट्रेन में आग लगने का मामला सामने आया है। यहां यात्रियों से भरी बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20846) के एक हिस्से में रविवार शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ट्रेन में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन-फानन में ट्रेन को रोका गया। रेलवे के एक अधिकारी ने आग लगने की इस घटना के बारे में जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और अग्निकांड में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने आग लगने की घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20846) की ह्यपावर कारह्न (ट्रेन का वह हिस्सा जिससे रेलगाड़ी में बिजली की आपूर्ति की जाती है) में आग लग गई। आग लगने की यह घटना तराना और ताजपुर स्टेशनों के बीच शाम पांच बजे के आस-पास हुई। मरम्मत के बाद रेलगाड़ी को शाम साढ़े छह बजे गंतव्य के लिए रवाना भी कर दिया गया। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि इस हादसे में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष का घर फूंका

**मणिपुर, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन अधिनियम के समर्थन में बयान देने पर मणिपुर के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अस्कर अली के घर को रविवार रात भीड़ ने आग लगा दी। अधिकारियों के मुताबिक, घटना थौबल जिले के लीलोंग इलाके की, जहां अली के घर को निशाना बनाया गया। जानकारी के अनुसार, अली ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कानून का समर्थन किया था। इसके बाद रविवार रात करीब 9 बजे नाराज भीड़ उनके घर के बाहर जमा हुई। पहले वहां तोड़फोड़ की और फिर आग लगा दी। घटना के बाद अली ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और अधिनियम का विरोध जताया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन अब तक किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## हादसे में घायल युवक की मौत होने पर पुलिस चौकी पर जाम लगाकर किया हंगामा





**चरथावल, 06 अप्रैल (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम बिरालसी में कई दिन पूर्व हुए हादसे में हादसे में घायल हुए युवक की मौत की सूचना पर परिजनों एवं ग्रामवासियों ने बिरालसी पुलिस चौकी के सामने जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामवासियों को समझा बुझाकर एवं मुआवजे एवं कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम बलवाखेड़ी निवासी 35 वर्षीय युवक जोनी पुत्र लखान सिंह 1 अप्रैल को बिरालसी में हुए सड़क हादसे में घायल हो गया था, जिसका मेरठ स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, जिस पर रविवार को जॉनी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और ग्रामीणों के द्वारा चरथावल थाना क्षेत्र के बिरालसी पुलिस चौकी के सामने जाम लगा दिया गया, जिसको लेकर 2 घण्टे तक ग्रामीण हंगामा करते रहे जैसे ही पुलिस को पूरे मामले की जानकारी लगी, तो मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं माने और लगातार जॉनी के परिजनों को मुआवजे देने की मांग पर अड़े रहे, वहीं जैसे ही मामले की जानकारी चरथावल विधायक पंकज मलिक को मिली, तो उनके प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए और उनके द्वारा अपनी ओर से 31000 रुपए एवं मुख्यमंत्री राहत कोष की ओर से साढ़े तीन लाख रुपये मुआवजा दिलाने की बात कही, जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा जाम को खोल दिया गया। वहीं सड़क पर जाम के चलते घंटों दोनों और वाहन फंसे रहे।

## छपार में हाइवे पर गोली मारकर हत्या के मामले में पांच नामजद

**मुजफ्फरनगर, 6 अप्रैल (बु.)।** शनिवार को दिन निकलते ही उस समय छपार थाना क्षेत्र में बिजोपुर गांव में हड़कम्प मच गया था जब एक गोली लगे युवक का शव सड़क किनारे बिजोपुर कट पर मिला था। कल से ही माना जा रहा था कि युवक की किसी ने हत्या की है, क्योंकि युवक के माथे पर चोट के निशान थे और कनपटी से सटाकर गोली मारी गयी थी। देर रात मृतक युवक की शिनाख्त सलमान पुत्र अनवर निवासी अहमदनगर निवासी लिसाढ़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई। छपार पुलिस की सूचना पर परिजन देर रात मेरठ से छपार पहुंचे तथा वहां से आए उसके भाई नौशाद ने अपने भाई की शिनाख्त की। नौशाद ने छपार थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सलमान की पुरानी रंजिश पड़ोस के रहने वाले इरफान, उसके दोस्त मौहम्मद अली, कालिया, मेहराज, नईमुद्दीन और फाजिल से चल रही थी। नौशाद ने खुलकर आरोप लगाया कि इन्हीं पांचों लोगों ने मिलकर उसके भाई सलमान की हत्या की है। पुलिस ने इस मामले में हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक के भाई नौशाद ने यह भी जानकारी दी कि इससे पहले भी 4 साल पहले बच्चों के विवाद में उसके ही छोटे भाई जैद की भी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, तभी से हत्यारोपी इस मामले को लेकर उन पर फैसले का दबाव बना रहे थे। फैसला न करने पर ही उन लोगों ने सलमान की गोली मारकर हत्या कर डाली है। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## बच्चों के झगड़े में लहराये हथियार, घर में घुसकर हमला

**मुजफ्फरनगर, 6 अप्रैल (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली में बच्चों के विवाद में बीच-बचाव कराने आए एक परिवार को घर में घुसकर पीटा। दरअसल गांव के हारुन की बेटी की शादी शनिवार को थी। घर पर सभी रिश्तेदार आए हुए थे, तभी बच्चे आपस में खेलते-खेलते झगड़ पड़े। इसी बीच बच्चों को छुड़वाने के लिए हारुन का बेटा शाहनजर पहुंचा तो तभी दूसरे पक्ष के रिजवान व अन्य लोगों ने उसके परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। रिश्तेदारों ने जब बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो उन्हें भी लाठी डंडों से पीटा गया। मारपीट के दौरान हारुन की बेटी शिबा, बिलकिश पत्नी जहीर व खुद हारुन घायल हो गया। मामले की जानकारी जब पुलिस को दी गयी तो तुरन्त पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरन्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उनका मेडिकल कराया गया, घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई। नई मण्डी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर फुरकान, इमरान, रिजवान, लाखा, उस्मान व जिशान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी है।





**चतुर्थ पुण्यतिथि**



**स्व. श्री महेन्द्र पाल कपिल**

निर्वाण तिथि - 7 अप्रैल 2021

आज ही के दिन, आप हम सबको छोड़कर इस देह लोक से बैकुंठ लोक गमन कर गये। आपकी मधुर स्मृतियाँ हमारी पूँजी हैं, आपके आदर्श एवं मूल्य हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं, आपके पदचिन्हों का अनुसरण हमारा लक्ष्य है। आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर सभी परिवारजन व मित्रगण आपको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**आपको सादर श्रद्धासुमन समर्पित।**

श्रीमती श्यामलता कपिल (पत्नी)
डॉ. मनोज कपिल-एकता कपिल (पुत्र-पुत्रवधु)
डॉ. आदेश शर्मा (दामाद)
सीमा कौशिक-नीरज कौशिक (पुत्री-दामाद)
रीतू स्वामी-मनोज स्वामी (पुत्री-दामाद)
अर्निका शर्मा-विकास शर्मा (धेवती-दामाद)
नितिशा - महेश (धेवती -दामाद)

राजेन्द्र शर्मा, विरेन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा,
नीरज शर्मा, सुनील शर्मा, प्रवेश शर्मा (भतीजे)
डॉ. देवेश शर्मा-पूजा शर्मा (नातिन-पुत्रवधु)
डॉ. वेदेश शर्मा, निशित, लक्ष्य,
उदित, गोरिका (नातिन व पौत्र)
एवं समस्त कपिल परिवार

सम्पर्क सूत्र : 9219704098

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया, कर्नाटक हाईकोर्ट ने ऐसा क्यों कहा

**कर्नाटक, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। कोर्ट ने यह टिप्पणी एक संपत्ति विवाद से जुड़े मामले में की, जिसमें यह देखा गया कि विभिन्न धार्मिक व्यक्तिगत कानूनों के कारण महिलाओं के साथ असमानता होती है। कोर्ट का मानना है कि यूसीसी लागू होने से सभी नागरिकों, खासकर महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे और यह संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के उद्देश्य को पूरा करेगा। कोर्ट ने संसद और राज्य विधानसभाओं से इस दिशा में कानून बनाने की कोशिश करने का अनुरोध किया, साथ ही यह भी कहा कि यूसीसी से न केवल लैंगिक समानता सुनिश्चित होगी, बल्कि यह देश की धर्मनिरपेक्षता और एकता को भी मजबूत करेगा। पीठ ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत समान नागरिक संहिता पर कानून बनाने से संविधान की प्रस्तावना में निहित उद्देश्य और आकांक्षाएं पूरी होंगी। समान नागरिक ढांचे के अभाव के कारण विभिन्न धर्मों की महिलाओं के साथ असमान व्यवहार होता है, जबकि कानून के समक्ष सभी नागरिक समान हैं। कोर्ट ने कहा कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्यों ने यूसीसी की दिशा में पहल की है और अब इसे पूरे देश में लागू करने का समय आ गया है। जस्टिस ने कहा कि हिंदू कानून में एक महिला को बेटे के समान अधिकार प्राप्त हैं, जबकि हिंदू कानून के तहत एक बेटी को सभी मामलों में समान दर्जा और अधिकार दिए गए हैं तथा उसे बेटे के समान अधिकार प्राप्त हैं, वहीं मुस्लिम कानून के तहत ऐसा नहीं है।




बता दें कि जस्टिस संजीव कुमार की एकल पीठ ने संपत्ति विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह पूरा मामला एक मुस्लिम महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे से संबंधित था, जिसमें महिला के पति और उसके भाई-बहन पक्ष थे। भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) केवल उत्तराखंड राज्य में पूरी तरह लागू हो चुकी है। उत्तराखंड ने 27 जनवरी 2025 को यूसीसी को औपचारिक रूप से लागू किया, जिसके साथ यह देश का पहला राज्य बन गया जहां यह कानून प्रभावी है। यूसीसी का मतलब होता है यूनिफॉर्म सिविल कोड। यह भारत में एक प्रस्तावित कानूनी ढांचा है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू करना है, चाहे उनका धर्म, जाति या लिंग कुछ भी हो। वर्तमान में, भारत में व्यक्तिगत कानून विभिन्न धार्मिक समुदायों जैसे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि के लिए अलग-अलग हैं, जो विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति जैसे मामलों को नियंत्रित करते हैं।

## 6 दिन से गायब सेवाराम का नहीं कोई सुराग

**बुढ़ाना, 06 अप्रैल (बु.)।** पिछले छह दिनों से गायब दलित सेवाराम का अभी तक भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दे दी, लेकिन उसका कोई सुराग अभी तक भी नहीं लग पाया है। बुढ़ाना पुलिस से परिजनों ने गायब हुए युवक की बरामदगी की गुहार लगाते हुए उसकी हत्या की आशंका भी जताई है। मिली जानकारी के अनुसार दलित सेठ पाल पुत्र जगदीश निवासी ग्राम लुहसाना ने बताया कि बीती 01 अप्रैल की सुबह 11 बजे उसके ही गांव का दीपक पुत्र धर्मपाल सिंह राठी अपनी मोटर साईकिल पर उसके भाई सेवाराम पुत्र जगदीश को बैठाकर यह कहकर ले गया था कि हमे ईंख की बुआई करनी है। उसका भाई दीपक राठी की मोटर साईकिल पर बैठकर चला गया था, तब से ही उसके भाई का कोई भी अता पता नहीं है। उसको संभावित स्थानों पर काफी तलाश कर लिया, परन्तु सेवाराम का अब तक भी कोई पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि कहीं उसकी हत्या न हो जाये। परिजनों ने गांव के ही आरोपी दीपक पुत्र धर्मपाल के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाते हुए गायब सेवाराम की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## तारीख गवाह है
## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 06 अप्रैल (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 07 अप्रैल की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- **1509 :** फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। **1818 :** ब्रिटिश सरकार ने बिना मुकदमे के लोगों को निर्वासित करने, हिरासत में रखने वाला कानून बंगाल स्टेट प्रिजनर्स रेगुलेशन एक्ट पेश किया जो देश की आजादी तक प्रभावी रहा। **1856 :** नेल्सन कॉलेज की स्थापना न्यूज़ीलैंड में की गयी। **1919 :** बाबेरियन सोवियत गणराज्य की स्थापना। **1920 :** भारत के प्रसिद्ध सितार वादक पं रवि शंकर का जन्म। **1929 :** पहली वाणिज्यिक उड़ान भारत पहुंची, जब ब्रिटेन के इंपीरियल एयरवेज की लंदन-काहिरा सेवा को कराची तक बढ़ाया गया। **1942 :** जम्पिंग जैक के नाम से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता जितेंद्र का जन्म। **1946 :** सीरिया को फ्रांस से आजादी मिली। **1948 :** संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन का गठन। **1969 :** इंटरनेट का सांकेतिक जन्मदिन। **1978 :** अमेरिका के राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने न्यूट्रान बम के विकास पर रोक लगाई। **1994 :** रवांडा के राष्ट्रपति जुवेनाइल हबरिमाना की हत्या के बाद नरसंहार शुरू हुआ; अगले 100 दिनों में अनुमानित 500,000-1,000,000 लोग मारे गए। **2000 :** दिल्ली पुलिस ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान हैंसी क्रोनिए के मैच फिक्सिंग में शामिल होने का खुलासा किया। जांच के बाद क्रोनिए पर आजीवन प्रतिबंध लगा। **2012 :** सियाचिन में भूस्खलन से 130 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत। **2015 :** अमेरिकी अभिनेता जियोफरे लेविस का निधन। **2019 :** कोरोना एवं भविष्य की चुनौतियों से लड़ने के लिए मानव संसाधन मंत्रालय ने समाधान चैलेंज की शुरुआत की। **2021 :** ब्रिटेन ने वेल्स में मॉडरेना की कोविड वैक्सीन लगानी शुरू की।

## आपका आज का राशिफल
### सोमवार, 07 अप्रैल, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# दुर्गा नवमी पर कन्या पूजन के साथ नवरात्र महोत्सव संपन्न

## - श्री वैष्णो देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में रही भक्तों की भीड़ - नगर मुख्यालय से देहात तक कन्याओं का किया पूजन-वंदन

**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** चैत्र माह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ शुरू हुआ नवरात्र महोत्सव रविवार को श्री दुर्गा नवमी पर कन्या पूजन के साथ ही अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर हो गया। हालांकि कुछ भक्तों द्वारा चतुर्दशी पर व्रत खोले जाने की भी संभावनाएं है, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सप्ताहभर से चल रहे नवरात्र के व्रत का पारायण पूजा-अर्चना व कन्या पूजन के साथ में संपन्न कर दिया। महोत्सव की कड़ी में रविवार को कुछ परिवारों में कन्या पूजा के साथ मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हुए अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस बीच घरों में कन्या पूजन व यज्ञादि के साथ भोजन प्रसाद वितरण समेत देवी स्वरूपा कन्याओं को उपहार भेंट किए गए, वहीं दूसरी ओर वैष्णो देवी मंदिर गांधी कॉलोनी समेत अन्य मंदिरों में दिन निकलने के साथ भक्तों की भीड़ दिखाई दी, जिन्होंने यहां पर लंबी कतारों के लगने के साथ अपनी बारी आने पर माता की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस बीच कई स्थानों पर नवरात्र महोत्सव के दौरान भजन कीर्तन व जागरण के द्वारा माता रानी का गुणगान किया। चैत्र माह शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के साथ नव संवत्सर के आगाज के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना के साथ नवरात्र महोत्सव नगर मुख्यालय से गांव स्तर तक श्री दुर्गा नवमी पर कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ। श्री दुर्गा महोत्सव के 9वें दिन घरों से मंदिरों तक सिद्धिदात्री माता का पूजन करने के बाद में कन्या पूजन करते हुए व्रत खोला। इस बीच छोटी कन्याओं के साथ ही लांगुर के रूप में छोटे बच्चों का भी पूजन किया गया। उधर गांधी कॉलोनी श्री वैष्णो देवी मंदिर के साथ क्षेत्र में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुभाष नगर स्थित श्री शिव-शक्ति शनि मंदिर, संकट हरणी मंदिर, नगर के नदी रोड श्री आत्मबोध आश्रम मंदिर, श्री जय मां शक्ति मंदिर भरतिया कालोनी, देवी मंदिर नुमाईश कैंप, जय मां शक्ति मंदिर पटेलनगर, श्री श्यामा श्याम मंदिर गांधीनगर, संकीर्तन भवन मंडी, साकेत, इंदिरा कालोनी, ब्रह्मपुरी, आर्यपुरी, रामपुरी, जनकपुरी एवं केवलपुरी समेत अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ प्रसाद भी चढ़ाया।







# श्रीराम चरित मानस में कथा वाचिका ने सुनाई श्रीराम कथा





**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम चरित मानस कथा के चौथे दिन श्रीराम नवमी की महिमा का बखान करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की महिमा से अवगत कराया। इस दौरान कथा वाचिका प्राची देवी के मुखारविंद से श्रीराम कथा के वाचन से मंदिर प्रांगण में भक्ति संगीत की वैतरणी में भक्तों ने डुबकी लगाई। व्यासपीठ से भक्तों पर अमृत मयी ज्ञान वर्षा करते हुए कथा वाचिका प्राची देवी ने कहा कि चैत्र मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को जब भगवान श्रीराम के साथ उनके भाइयों का जन्म हुआ तो पूरी अयोध्या में खुशी के साथ जश्न का माहौल हो गया। उन्होंने प्रभु के अवतार के बीच माता कौशल्या के मातृ प्रेम और भक्त एवं भगवान की महिमा का सुन्दर वर्णन चौपाइयों के माध्यम से किया, जिससे पूरा पंडाल पूर्ण मनोयोग के साथ कथा में लीन हो गया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में संपन्न श्री राम नवमी की कथा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल के अलावा चंद किरण गुरूजी, हरिशंकर तायल, भीम कंसल, राकेश अरोरा, सुनील तायल, कुलदीप कुमार, विजय बंसल, जेपी गोयल, विभोर तायल, श्रवण गर्ग, अंकित गर्ग, जय प्रकाश गोयल, विकास गोयल, शिवम तायल, सुभाष गोयल, विशाल गोयल, अमरीश सिंघल, नितिन सिंघल, नितिन गोयल, प्रवीण गर्ग, अमन गोयल, अन्नू कुमार, रजत गोयल, अमित कुमार, विकास अग्रवाल, मोनू कुमार, उदित आदि सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष भक्त सम्मिलित रहे।

# बैंक के फील्ड ऑफिसर ने बांकेबिहारी मंदिर के चुराए 9.50 लाख रुपये, कैमरे में कैद हो गई करतूत




**मथुरा, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दानपेटी की धनराशि गिनती के दौरान दौरान केनरा बैंक के फील्ड आफिसर ने 9.50 लाख रुपये चुरा लिए। सीसीटीवी में उसकी यह करतूत कैद हो गई। कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। फील्ड आफिसर की जेब से सवा लाख रुपये से बरामद किए गए। इसके बाद उसके द्वारा तीन दिन में गिनती के दौरान चुराए गए 8.21 लाख रुपये भी देर रात बरामद कर लिए। पुलिस रविवार को बैंक कर्मी को जेल भेजेगी। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को अर्पित की जाने वाली भेंट राशि 16 दानपेटियों में डाली जाती है। इसके लिए 16 गोलक लगाई गई हैं। महीने में एक से दो बार यह सभी गोलक खोली जाती हैं। इन गोलक को खोलकर निकलने वाली राशि की गिनती के लिए मंदिर प्रबंधन उन बैंक के कर्मचारियों को बुलाता है, जहां मंदिर के खाते हैं। तीन दिन से गिनती चल रही थी। धनराशि की गिनती के लिए मंदिर प्रबंधन ने अन्य बैंकों के साथ केनरा बैंक के कर्मचारियों को बुलाया था। शनिवार दोपहर में मंदिर बंद होने के बाद गोलक खोली गईं और फिर धनराशि की गिनती शुरू हुई। गिनती करने वालों में मथुरा स्थित केनरा बैंक का फील्ड आफिसर अभिनव सक्सेना भी था। अभिनव राशि की गिनती करते- करते अपने कपड़ों में नोटों को छिपाने लगा। मंदिर के आंगन में चल रही गिनती पर सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही थी। मंदिर का कर्मचारी अचानक कंट्रोल रूम में पहुंचा और उसकी नजर नोटों की गिनती कर रहे कर्मचारियों पर गई। कर्मचारी ने जब देखा कि एक बैंक अधिकारी कुछ नोट गिन रहा है, जबकि कुछ छिपा रहा है। इसकी जानकारी वहां मौजूद अन्य कर्मचारी और पुलिस कर्मियों को दी। पुलिस ने अभिनव को पकड़ लिया। उसकी जेब से सवा लाख रुपये से अधिक बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो वह पहले टालमटोल करने लगा, लेकिन जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसकी नीयत खराब हो गई थी। इसके बाद पुलिस को उसने बताया कि वह यहां तीन दिन से कर रहा है। अभिनव ने जब पुलिस को बताया कि वह तीन दिन से ऐसा कर रहा है, तो पुलिस ने उससे चोरी किए गए अन्य रुपयों के बारे में जानकारी की, जिस पर पता चला कि उसने वह रुपये डैंपियर नगर स्थित ब्रांच में रखे उसके बैग में रखे हैं। इसके बाद पुलिस अभिनव को मथुरा डैंपियर नगर ब्रांच ले गई। यहां से पुलिस ने उसके बैग से 8 लाख 21 हजार से ज्यादा रुपये बरामद कर लिए।

## तेज रफ्तार वैन की टक्कर से दो महिलाओं की मौत, बच्चे की दवा लेकर लौट रही थी महिला

उन्नाव, 07 अप्रैल (एजेंसी)। तेज रफ्तार वैन की टक्कर से दो महिलाओं की जान चली गई। बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग के किनारे बात कर रही महिला और उसकी छोटी बहन की सास को तेज रफ्तार वैन टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। सदर कोतवाली के कासिमनगर मोहल्ला निवासी निजाम की पत्नी यासमीन (25) रविवार को देवर मुन्ना के साथ बाइक से अपने चार माह के बेटे मो. सिफान की दवा लेने आसीवन क्षेत्र के गहरूबाग गांव गई थीं। लौटते समय बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कुल्हा पुलिया के पास यासमीन को उनकी छोटी बहन चांदनी की सास आसीवन के मुशीराबाद निवासी खैरुन (55) मिल गईं। मुन्ना ने बाइक रोकी और यासमीन व खैरुन आपस में बात करने लगीं। मुन्ना बच्चे के साथ बाइक पर बैठा रहा। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार वैन ने दोनों महिलाओं को टक्कर मार दी और आगे जाकर पलट गई। मुन्ना ने दोनों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने यासमीन को मृत घोषित कर दिया। खैरुन की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई।

# शुकतीर्थ में प्रशासन ने गंगा स्वच्छता अभियान चलाकर की गंगा की सफाई

**मोरना, 06 अप्रैल (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला प्रशासन के द्वारा चलाए गए गंगा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत सातवें रविवार को गंगा घाट पर पहुंचे एसडीएम जानसठ व तहसीलदार ने फैडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कामर्स एंड इंडस्ट्री व भारत स्काउट के बच्चों के साथ मिलकर गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया। एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी द्वारा गंगा स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी क्रम में प्रत्येक रविवार को शुकतीर्थ में गंगा सहित गंगा घाट के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की जा रही है। इससे पूर्व गंगा घाट पर गंगा से जलकुम्भी व कचरा निकालकर गंगा स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। तहसीलदार सतीशचंद बघेल ने बताया कि शुकतीर्थ में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रत्येक रविवार को निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गंगा को स्वच्छ बनाने एवं उसमें जलीय जंतुओं को संरक्षित करने के प्रति जागरूकता लाना है। फैडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कामर्स एंड इंडस्ट्री के अभिषेक अग्रवाल, आशीष बंसल, प्रतीक भाटिया, प्रसून अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राकेश ढींगरा, राकेश जैन, अमित संगल, डीएवी इंटर कॉलेज जानसठ के स्काउट मास्टर जितेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में स्काउट शेखर, रोहित, प्रशान्त, रोहन, वंश चंदेल, प्रिंस कुमार, कृष्णा, निशान्त, कुंवर प्रताप, मनीष, माधव ने गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाने के लिए गंगा घाट पर मौजूद लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक किया तथा लोगों से गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की गई और श्रमदान कर गंगा से कपड़े, पॉलिथीन, कचरा आदि निकाला। समापन पर बाल कल्याण समिति के सदस्य डा. राजीव कुमार ने गंगा स्वच्छता की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। इस अवसर पर श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री डॉ. महकार सिंह, प्रबन्धंक देवेन्द्र आर्य, ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, महकसिंह प्रधान, चौ. सुरेन्द्र सिंह, पं. विनोद शर्मा, परम, कुलदीप, गौरव, मुनिराम आदि मौजूद रहे।



## प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं भावपूर्वक मनाया



**मुजफ्फरनगर, 6 अप्रैल (बुस.)।** रविवार को कचहरी स्थित प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं भावपूर्वक मनाया गया, जिसमें प्रतिष्ठित कथावाचक श्री बृजेश पाठक बरेली वाले उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान के प्रकट होने के अनेक कारण बताते हुए कहा कि भगवान भक्तों को सुख देने तथा आनंद देने वह पृथ्वी पर जब पाप अधिक होते हैं, उन्हें हारने के लिए जन्म लेते हैं तथा अपनी मनमोहक लीलाओं से प्रेमी भक्तों को बहुत सुख देते हैं तथा उनका कल्याण करते हैं। आज के दिन भगवान राम अयोध्या में दशरथ जी व माता कौशल्या के आंगन में तीनों भाइयों के साथ प्रकट हुए हुए थे, तब अयोध्यावासियों ने उत्सव मनाया था। आज के उत्सव में स्थाई लोक अदालत के मुख्य न्यायाधीश उपाध्यक्ष सी.के. उपाध्यक्ष विशेष अतिथि रहे तथा आयोजन प्रवीण अरोरा एडवोकेट, चंद्रमणि त्यागी, राजकुमार चौहान, ओमपाल बालियान, नरेश चंद्र जैन, प्रेम प्रकाश अरोरा, अशोक अग्रवाल तथा सोमेश्वर महिला मंडल की ओर से सुमन अरोरा आदि उपस्थित रहे। मंदिर प्रांगण में काफी भक्तजनों ने भगवान के श्री चरणों का भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# कस्बे में धूमधाम के साथ निकाली गई भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

## - पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भडाना ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**जानसठ, 6 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में रामनवमी महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बनाया गया। इस अवसर पर नगर की धार्मिक संस्था ज्ञानेश्वर सेवा दल द्वारा भगवान श्रीराम की शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना ने फीता काटकर किया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष में ज्ञानेश्वर सेवा दल द्वारा श्री रामनवमी महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बनाया गया। ज्ञानेश्वर सेवा दल के द्वारा शनिवार की सुबह रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन रविवार की दोपहर 12:00 बजे आरती करके किया गया। आरती में मुख्य अतिथि रजनीश सैनी उपस्थित रहे। इसके बाद भगवान के भंडारे का भोग लगाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा। इसके बाद शाम के समय भगवान श्रीराम की शोभायात्रा का उद्घाटन प्रवेन्द्र भडाना ने किया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि सभी लोगों को भगवान श्रीराम के जीवन से कुछ ना कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने अपने पिता के वचनों के लिए अयोध्या का राज सिंहासन तक छोड़ दिया था और वन गमन को चले गए थे। ज्ञानेश्वर सेवा दल के अध्यक्ष सतीश कुमार महासचिव राजू भैया वाल्मीकि कोषाध्यक्ष अखिल रस्तोगी, शोभायात्रा अध्यक्ष गोपाल संगल, सचिव चौधरी सेंसर पाल सहित ज्ञानेश्वर सेवा दल के वरिष्ठ सदस्य दीपेश गुप्ता एडवोकेट, अरविंद पाराशर, निशांत कंबोज, रेशू गोयल, मुकेश शर्मा, मंजू शर्मा, राजेंद्र प्रधान जी, बृजेश रस्तोगी, नरेश गुप्ता, महिला सदस्य अंजलि कंसल, बेबी कैंसल, अंजली गुप्ता, अनीता गुप्ता, शशि सैनी, सरला सैनी सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शाहपुर में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

## - सनातन धर्म के लिए समर्पित रहा प्रभु श्री राम का जीवन : स्वामी यशवीर महाराज

**शाहपुर, 6 अप्रैल (बु.)।** नगर में रामनवमी के पर्व पर भगवान श्रीराम की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम ने अपना संपूर्ण जीवन सनातन धर्म व प्राणी मात्र के कल्याण के लिए समर्पण किया। हमें भी उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। कस्बे में सिद्धपीठ मां श्री गोकला देवी मन्दिर व मेला समिति के तत्वावधान में रामनवमी के पर्व पर भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ यशवीराश्रम योग संस्थान बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने किया, जबकि महाआरती अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार पाल व पूजन गुड़ व्यापार संघ के अध्यक्ष पवन गोयल व दीप प्रज्ज्वलन गौ सेवा प्रमुख विजय बंसल ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि हमें अपने देवी देवताओं व महापुरुषों के जीवन से शिक्षा लेकर उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का 9 लाख वर्ष पूर्व जन्म हुआ था। प्रभु श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन सनातन धर्म व प्राणी मात्र के कल्याण के लिए रहा। हमें भी अपना जीवन सनातन धर्म व राष्ट्र के लिए समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें समाज के निर्बल व असहाय लोगों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साधु, समाज के लोगों की पीड़ा को दूर करते हैं, जिस तरह गुरु विश्वामित्र ने प्रभु श्री राम को साथ लेकर राक्षसों का संहार कराकर समाज को दैत्य व दानवों से बचाया था, उसी तरह सभी साधुओं का कर्तव्य है कि वह समाज के लोगों की पीड़ाओं को दूर करें। उन्होंने कहा कि वह समाज के साथ हैं। समाज के हर व्यक्ति के सुख-दुख में खड़े हैं। वह आश्रम का निर्माण करने वाले नहीं अपितु समाज का निर्माण करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य की विजय होती है। सत्य के मार्ग पर चलने पर छोटी-मोटी बाधा तो आ जाती है, किंतु सफलता अवश्य मिलती है। इसलिए सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। शोभा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर मौहल्ला सैनियान, बाल्मीकि बस्ती, मौहल्ला दरबार, मेन बाजार व मेन चौक होती हुई सिद्धपीठ मां श्री गोकुला देवी मंदिर पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत करने के साथ भगवान श्री राम की आरती उतारी। शोभायात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में आचार्य मृगेंद्र शास्त्री भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण समाज सेवी सतीश सैनी ने किया। शोभायात्रा को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष उमेश गोयल, विजय बंसल, प्रबन्धक अजय बंसल, विजय गोयल, मनोज सिंघल, कपिल सैनी, संदीप बंसल, ऋतिक ठाकुर, नवीन राणा, डॉ. राजू, अनमोल बंसल, सुरेंद्र जिंदल आदि का योगदान रहा।



# रामनवमी पर मांस बिक्री पर योगी सरकार का आदेश बेअसर

## -खतौली में खुलेआम बिक रहा मांसाहार

**खतौली, 6 अप्रैल (बु.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रामनवमी के अवसर पर प्रदेश में मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश के बावजूद खतौली क्षेत्र में कई होटल और फास्ट फूड आउटलेट्स पर मांसाहार बेचे जाने की सूचना जब एलआईसी एनिमल्स वैलफेयर संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा को मिली, तो उन्होंने स्वयं इस मामले की सूचना पुलिस को दी। हरकत में आई पुलिस ने कई होटलों पर छापेमारी की कार्यवाही की। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। रविवार को एलआईसी एनिमल्स वैलफेयर संस्था के सस्थापक पुनीत अरोरा को लोगों से सूचना मिली की रामनवमी पर्व पर शासन द्वारा मांस आदि पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद भी खतौली क्षेत्र के अनेक होटलों पर मांसाहार सामग्री बेची जा रही है। पुनीत अरोरा द्वारा स्वयं मौके पर जाकर इस शिकायत की सत्यता जानी तथा मांसाहारी सामग्री बेचे जाने की सूचना सही पाई। इसको लेकर पुनीत अरोरा द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर इसकी शिकायत दर्ज कराई एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस द्वारा कई होटलों पर छापेमारी की कार्यवाही की। बताया जाता है कि क्षेत्र में मांसाहार सामग्री की बिक्री करने वाले कई होटल मालिकों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली और शासन के आदेशों के पालन पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है। जनता और सामाजिक संगठनों की मांग है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सख्त निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## रामनवमी पर श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली

**मीरापुर, 6 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में श्रीमहायोगमाया मण्डल के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कस्बे में श्री महायोगमाया मण्डल के तत्वावधान में राम नवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में बैण्ड बाजों से सुसज्जित भगवान श्री गणेश, श्री राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न,हनुमान जी, माँ सरस्वती, महिषासुर मर्दिनी, खाटूश्याम जी, लवकुश, माँ दुर्गा, श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने सभी नगरवासियों का मन मोह लिया।

शोभायात्रा पड़ाव चौक से शुरू होकर वैश्य धर्मशाला, सर्राफा बाजार, मेन बाजार, सराय गेट, थाना चौराहा, मौहल्ला कमलियान से होती हुई पुनः पड़ाव चौक पर आकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर व जलपान कराकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मुख्यरूप से आयोजक मूलचन्द्र शर्मा, संजीव मेहता, उमेश शर्मा, संजय माहेश्वरी, प्रभात शर्मा,मनोज शर्मा व शिवकुमार शर्मा, विकास कौशिक, सोनू कश्यप, वैभव वर्मा, दीपक मेहरा, रोहित माहेश्वरी आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान कस्बे के मुख्य बाजार में श्री राम नवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

# चलती कार में रोमांस की आजादी, इस शहर में शुरू हुआ स्मूच कैब ड्राइवर भी नहीं देख पाएगा

**बेंगलुरु, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु ट्रैफिक जाम के लिए मशहूर है। इस बीच वहां एक अनोखी कैब सर्विस शुरू हुई है। वह अपनी सर्विस को लेकर सुर्खियों में है। हर दिन ट्रैफिक की मार झेलने वाले लोगों की नाराजगी इससे थोड़ी कम हो सकती है, खासकर कपल के लिए। बेंगलुरु में रोजाना घंटों जाम में बिताने वाले कपल के लिए एक प्राइवेट कैब सर्विस ने "स्मूच कैब" की शुरूआत की है। यह सिर्फ कपल्स के लिए है। इसमें उन्हें कैब में एक-दूसरे के साथ रोमांस करने की आजादी मिलेगी। ओला, उबर या रैपिडो की तरह "स्मूच कैब" का उद्देश्य डेस्टिनेशन तक पहुंचना नहीं है। इसके बजाय यह कैब कपल्स को लंबी और बिना रुकावट वाली ड्राइव पर ले जाती हैं, जिससे के वे एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकें। "स्मूच कैब" को खास तरीके से डिजाइन किया गया है, ताकि कपल्स को प्राइवसी मिले। इन कैब्स में टिंटेड विंडोज और एक सख्त डू नॉट डिस्टर्ब पॉलिसी है। कुछ ड्राइवर इस सेवा के दौरान नॉइज-कैंसिलिंग हेडफोन की भी मांग कर रहे हैं। हालांकि, इससे प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए ट्रैफिक में अन्य ड्राइवरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि कई वाहन पीक ट्रैफिक के दौरान रुक जाते हैं। "स्मूच कैब" की शुरूआत के बाद से यह सेवा उन कपल्स के बीच लोकप्रिय हो गई है, जो सामाजिक नैतिकता और पुलिसिंग से बचने के लिए इस सेवा का इस्तेमाल करना चाहते हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने इस पर चिंता जताई है। पुलिस का कहना है कि कुछ कारें ट्रैफिक के दौरान रुक जाती हैं, जो स्थिति को और भी मुश्किल बना देती हैं। इस ट्रेंड ने ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों को भी प्रेरित किया है। उन्होंने भी प्राइवेट राइड्स ऑफर करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इस सेवा को लेकर हर कोई खुश नहीं है। कई लोगों का मानना है कि यह भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ है और कुछ लोग तो इस सेवा पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी कर रहे हैं। इसको लेकर विवाद जारी है, फिर भी "स्मूच कैब" की विस्तार प्रक्रिया जारी है। अब यह दिल्ली और मुंबई में भी प्री-बुकिंग्स स्वीकार कर रहा है। यह नया कांसेप्ट बेंगलुरु से बाहर भी अपनी जगह बना सकता है।

# अपनी-अपनी कक्षा में स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का नाम किया रोशन



**चरथावल, 06 अप्रैल (बु.)।** विगत शनिवार को गाँधी बालिका इण्टर कॉलेज, चरथावल में कक्षा-6,7,8,9,11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा 6 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. शीजा पुत्री पुरकान 96.94%, दितीय स्थान पर तय्यबा प्रवीन पुत्री शाहनेब 94-22%., तृतीय स्थान शीला पुत्री स्व. भूरा 93.22% अंक प्राप्त किये। कक्षा-7 में प्रथम स्थान पर परिविती पुत्री कमल ने 99-39%, द्वितीय स्थान अलीशा त्यागी पुत्री मौ. शाहिद ने 98.55%, और तृतीय स्थान पर सुहाना खान पुत्री परवेज आलम ने 96-94 % अंक प्राप्त किये। कक्षा-8 में प्रथम स्थान रियांशी पुत्री बबलू ने (1770/1800), दिलीप स्थान पर मदीहा पुत्री ओसाफ (1726/1800) व तृतीय स्थान अक्शा पुत्री गुलफाम (1704/1800) अंक प्राप्त किये। कक्षा-9 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अक्षिता पुत्री कमल 95.98%, द्वितीय स्थान फरा पुत्री मुरसलीन 87.74%, द्वितीय स्थान पर ही खुशी पुत्री धनीपाल 87-74 %, तथा तृतीय स्थान पर अक्शा पुत्री लताफत ने 86.76% अंक प्राप्त किये। कक्षा-11 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा फरहा त्यागी पुत्री मु. नसीम ने 89.8%, द्वितीय स्थान साक्षी पुत्री मंजू कुमार 80.7%, तृतीया स्थान पर साक्षी पुत्री 10 सत्येन्द्र कुमार ने 76.2% अंक प्राप्त किये। कक्षा-7 में विद्यालय में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्रा परिणिती पुत्री कमल ने 99.39% अंक प्राप्त किये। कक्षा-6 की अंशिका पुत्री सुबोध ने विद्यालय का सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक अभय जैन, अध्यक्ष, प्रबन्धक व गाँधी शिशु निकेतन के प्रबन्धक अनुज कुमार गर्ग (नवरंग) ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रधानाचार्या अनीता गौतम ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को परीक्षाफल व पारितोषिक प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय वरिष्ठ अध्यापिका विमलेश त्यागी, सीमा गुप्ता, मनीषा, विजय लक्ष्मी, गीता रानी, गुलफ्शा, आयशा परवीन, राजीव कुमार व अन्य विद्यालय समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

एलर्जी
32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी इलाज
• सौरासिस • सफेद दाग
• पित्ती उछलना • खाज खुजली
डा० जगदीश गर्ग
163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल)
महावीर चौक रोड, मुज़फ़्फ़रनगर
★ जिरयान व धात जाना ★ शीघ्र पतन
★ नामर्दी व सुस्ती ★ स्वप्न दोष
★ वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।
मिलने का समयः केवल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
Mob.: 9410064040 रविवार अवकाश



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पहला वर्टिकल लिफ्ट सी-ब्रिज

भारत में वक्फ विधेयक से जुड़ी खबरें सुर्खियों में थीं, तो प्रधानमन्त्री विदेशी दौरे पर थे। कल रामनवमी के अवसर पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में नये पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया। यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी-ब्रिज है। प्रधानमन्त्री ने 700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस पुल का शिलान्यास साल 2019 में किया था। पंबन ब्रिज उद्घाटन के अलावा पीएम मोदी ने रामेश्वरम-तांबरम की नयी रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुए इस आयोजन के अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि, राज्य के वित्त मंत्री थांगम थेनारसु और अन्य नेता मौजूद थे। तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम. के. स्टालिन प्रधानमन्त्री के साथ नहीं थे, वे राज्य के नीलगिरि जिले में आयोजित कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे। मुख्यमन्त्री स्टालिन ने इस बारे में पत्रकारों से कहा कि उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को रामेश्वरम में होने वाले कार्यक्रम में अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि नीलगिरि में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के भाग लेने के कारण वे स्वयं उपस्थित नहीं हो पाएंगे, लेकिन इस दौरान उनके मंत्री थंगम थेनारासु और राजकन्नप्पन प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमन्त्री ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरूआत भी की। समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज राम नवमी का पावन पर्व है, अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे रामनाथस्वामी मंदिर में प्रार्थना करने का मौका मिला। इस खास दिन पर मुझे 8300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को सौंपने का अवसर मिला। ये रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। मैं इन परियोजनाओं के लिए तमिलनाडु के अपने भाइयों और बहनों को बधाई देता हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, हजारों साल पुराने शहर को 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जोड़ा जा रहा है। मैं अपने इंजीनियरों और श्रमिकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। इस पुल के नीचे से बड़े जहाज गुजर सकेंगे। इस पर ट्रेनें भी तेजी से चल सकेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज दोगुना किया है। इतनी तेज ग्रोथ का एक बड़ा कारण हमारा शानदार मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। बीते 10 सालों में हमने रेल, रोड, एयरपोर्ट, पानी, पोर्ट, बिजली, गैस पाइप लाइन, ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट करीब 6 गुना बढ़ाया है। प्रधानमन्त्री ने रामेश्वरम में कहा कि आज देश में बहुत तेजी से मेगा प्रोजेक्ट्स पर काम हो रहा है। आप नार्थ में देखेंगे तो जम्मू कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में से एक चिनाब ब्रिज बना है। वेस्ट में जाएंगे, तो मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज अटल सेतु बना है। ईस्ट में जाएंगे तो असम के बोगीबील ब्रिज के दर्शन होंगे। साउथ में आते हैं, तो दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक पंबन ब्रिज का निर्माण पूरा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की ग्रोथ उतनी तेज होगी। बीते दशक में, तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा पैसा केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। इससे पहले प्रधानमन्त्री श्रीलंका में थे। भारत और श्रीलंका के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। कोलंबो के इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में एक समारोह का आयोजन किया गया। फिर राष्ट्रपति सचिवालय में भी पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पीएम मोदी को 'मित्र विभूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीलंका में नयी सरकार बनने के बाद पीएम मोदी का पहला दौरा है। पीएम मोदी के दौरे को लेकर श्रीलंकाई मीडिया काफी उत्साहित दिखा। देश के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने पीएम मोदी के दौरे और भारत-श्रीलंका समझौते को प्रमुखता से जगह दी है। श्रीलंका के ज्यादातर समाचार चैनल और वेबसाइटों ने पीएम मोदी के दौरे को दोनों देशों के रिश्ते के लिए अहम बताया है। डेली मिरर नाम के मशहूर अखबार ने अपनी वेबसाइट के प्रमुख पन्ने पर पीएम मोदी के दौरे से जुड़ी कम से कम दस खबरें लगाई हैं। पीएम मोदी के दौरे को लेकर अखबार ने लिखा है कि ये दौरा अपने आप में एक बड़ा इवेंट है। प्रतिष्ठित अखबार लंकादीपा ने पीएम मोदी और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा को रिपोर्ट किया है। अखबार लिखता है, भारतीय पीएम ने श्रीलंका के विपक्ष के नेता से मुलाकात की और राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों व्यापक चर्चा की। अखबार ने साजिथ प्रेमदासा के हवाले से लिखा, रजब हमारा देश दिवालिया हो गया था, तब भारत इकलौता ऐसा देश था, जिसने हमारे देश की सहायता की थी। इस रिश्ते को संजो कर रखना चाहिए। दोनों देशों के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करना चाहिए और अपनी एकता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। अखबार वीरकेसरी ने पीएम मोदी की तमिल मूल के लोगों के साथ मुलाकात की प्रमुखता से छापा है। अखबार ने पीएम मोदी के भाषण के अंश को छापते हुए लिखा भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पहाड़ी राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में कहा कि भारत उन तमिल लोगों के लिए 10,000 घरों और स्वास्थ्य सुविधाओं का समर्थन करेगा, जिन्होंने भारत को अपनी मातृभूमि के रूप में अपनाया है। इससे पहले पीएम मोदी 2019 में श्रीलंका गए थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति तीन महीने पहले भारत की यात्रा पर आए थे। उस दौरान भारत और श्रीलंका के बीच अहम रक्षा समझौते पर सहमति बनती दिखी थी। 1960 के दशक से अब तक 65 वर्षों में आठ भारतीय प्रधानमंत्रियों ने श्रीलंका का दौरा किया है। साल 1962 में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने श्रीलंका का दौरा किया। इसके बाद 1973 में इंदिरा गांधी ने श्रीलंका की यात्रा की।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'किस्मत' 'खिलाड़ी' 'गोल' 'अनाड़ी'**

हारना किस्मत में जिनकी मोटे हरफों में लिखा,
खुद को वो कहते खिलाड़ी अब सियासी खेल में।
गोल करते हैं जो खुद अपने ही पाले में 'सुनील',
कैसे-कैसे हैं अनाड़ी अब सियासी खेल में।













# धूमधाम के साथ निकाली गई श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा

**- नई मंडी क्षेत्र में पुष्प वर्षा करते हुए किया गया भव्य स्वागत - प्रातः बेला में श्री सुन्दर कांड एवं हवन का किया आयोजन - श्रीराम जन्मोत्सव पर केक काटकर मनाया गया कार्यक्रम**



**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर की ओर से श्रीराम नवमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री रामलीला के कलाकारों और अन्य भक्तों ने भगवान श्री राम जन्मोत्सव पर संपन्न कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पूर्ण आस्था व श्रद्धाभाव के साथ पूजन किया। इससे पूर्व रामलीला मैदान में प्रातः बेला में मानस कल्याण परिषद की ओर से श्री सुन्दर कांड यज्ञ पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के साथ ही भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया। रविवार में श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन व पूर्व सभासद विकल्प जैन के नेतृत्व में भगवान श्री राम जन्मोत्सव पूर्ण आस्था व उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। सवेरे मानव कल्याण परिषद् के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अरोरा ने टीम के साथं श्री सुन्दर काण्ड पाठ यज्ञ किया, जिसमें सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। यज्ञमान सुरेन्द्र भाटिया ने सपत्नीक पूजन कराया।

इसके बाद संपन्न कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप तथा मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ आदि तमाम अतिथियों का मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन ने श्री राम के नाम का पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन करने के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीराम की आरती करने के साथ केक काटकर हर्ष व्यक्त किया। इसके बाद प्रसाद वितरित करते हुए श्रीराम के जयघोष के साथ भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। इस बीच रथ पर भगवान श्रीराम के साथ उनके तीनों भाई सवार हुए और भक्तों का कल्याण करने के लिए नई मंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। शोभायात्रा का कई स्थानों पर भक्तों ने पुष्प वर्षा करते हुए चारों भाईयों का स्वागत किया और जय श्रीराम के जयघोष से आकाश गुंजायमान रहा। मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होकर उक्त शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड पटेल नगर में पहुंचकर संपन्न हुई। श्रीराम का पूजन पंडित बिजेन्द्र मिश्रा ने संपन्न कराया। इस दौरान उद्यमी भीम कंसल, नरेन्द्र गोयल, अनिल लोहिया, ललित महेश्वरी, अचिन्त मित्तल, विशाल गर्ग, संजय गर्ग के अलावा सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रविकांत शर्मा, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, सतीश कुकरेजा, अमित पटपटिया, मोहित मलिक, विनीत कुमार, सुन्दर सिंह, ललित कुमार, कपिल पाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के सुरेन्द्र मंगल, पंकज शर्मा, अमित भारद्वाज, जितेंद्र नामदेव, गोविन्द शर्मा, नारायण ऐरन, मीना ऐरन, ज्योति ऐरन, विजय मित्तल, अंशुल गुप्ता, कन्दर्प ऐरन, शार्दुल जैन, मनोज पाटिल, रामपाल, वैभव जैन और संजय शर्मा आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## चेयरपर्सन व बुलेटिन संपादक ने किया फैंसी लाइटों का उद्घाटन

### - श्री रामलीला कमेटी पटेलनगर में दी विकास की सौगात



**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** पालिका चेयरपर्सन की ओर से नगरीय क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में नित नए आयाम जुड़ने का क्रम जारी है। विकास कार्यों की इसी कड़ी में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने श्री आदर्श रामलीला सेवा भवन समिति को विकास की सौगात देते हुए रामलीला ग्राउंड पर फैन्सी लाइट का कार्य कराया। श्री राम नवमी पर्व के अवसर पर विकास की यह सौगात चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने पूजा-अर्चन करने के साथ जनता को समर्पित की। नगरपालिका परिषद् की ओर से रविवार को पटेलनगर वार्ड 33 अन्तर्गत श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर के मैदान पर प्रकाश व्यवस्था के लिए 15वें वित्त आयोग से प्राप्त हुई धनराशि से 22 फैन्सी विद्युत पोल लगाए गए, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हैं। इस लाइटों से जहां मैदान में प्रकाश की व्यवस्था में सुधार हुआ, वहीं सौन्दर्यकरण होने से यहां लोग आकर्षित हो रहे हैं। रविवार को श्री राम नवमी पर्व पर पथ प्रकाश के लिए शुरू इस अनूठे कार्य को क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया। रविवार को श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर पहुंची पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ आदि अतिथियों के साथ मिलकर इस विकास कार्य का लोकार्पण किया। उद्घाटन के अवसर पर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त धनराशि से 22 फैंसी विद्युत पोल यहां लगवाए गये हैं। इनमें एलईडी लाइट लगी हैं और ऑटोमेटिक सेंसर के बेस पर यह कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि अंधेरा छा जाने पर ये लाइट स्वयं ऑन होंगी और सूर्य का प्रकाश फैल जाने पर स्वतः ऑफ हो जायेंगी। इससे अनावश्यक रूप से लाइट जलने पर विद्युत का दुरूपयोग रूकेगा और सौन्दर्यकरण के कारण लोग आकर्षित भी होंगे। ऐसे कार्य अब अन्य वार्डों में प्रमुख स्थानों पर कराए जाएंगे। इस दौरान आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक युवा भाजपा नेता विकल्प जैन व वार्ड सभासद सीमा जैन ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, अमित पटपटिया, रविकांश शर्मा, प्रशांत गौतम, कपिल पाल, ललित महेश्वरी आदि मौजूद रहे।








# जैन मिलन में श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर की निकाली गई भव्य रथयात्रा

**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर जैन मिलन विहार रथयात्रा महोत्सव धूमधाम के साथ संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री निश्चिंत सागर जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुई। इस दौरान एमके जैन द्वारा धर्म ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि पुनीत जैन रहे। भगवान के चित्र का अनावरण आदिश जैन, दीप प्रज्ज्वलन सुरेन्द्र जैन व महाराज श्री का पाद प्रक्षालन तरूण जैन व शास्त्र भेंट देशभूषण जैन द्वारा दिया गया। सभी अतिथियों का स्वागत स्वागतकर्ता प्रमोद जैन व कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, महामंत्री रमेशचन्द जैन, मुख्य संयोजक मनोज जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वार्ड सभासद ममता बालियान भी मौजूद रही। महाराज श्री ने अपने मंगल उद्बोधन में आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान की शोभायात्रा इसलिए निकाली जाती है कि भगवान जो बाहर जाकर सबको दर्शन दे सके। आज के युग में इस तरह के आयोजनों से धर्म प्रभावना बढ़ती है। इस दौरान लक्की ड्रा कूपन द्वारा पात्रों का चयन किया गया। रथयात्रा में 5 घोड़ों पर आगे आगे बच्चे ध्वज लेकर चल रहे है। संगीतकार दीपक वर्मा ने धार्मिक भजनों की सुन्दर प्रस्तुति दी। रथयात्रा जैन मिलन विहार से शुरू होकर मौ. लक्ष्मण विहार होते वापस जैन मिलन विहार में संपन्न हुई। वहां पर श्रीजी का अभिषेक पूजन किया गया। सायं में महाराज श्री के सान्निध्य में विशेष गुरूभक्ति की गयी जिसमें सुन्दर सुन्दर भजनों के साथ शंका का समाधान किया गया। रथयात्रा को सफल बनाने में वाईके जैन, हर्ष जैन, योगेन्द्र एड, अजय जैन, संजय जैन, संजीव जैन, राजकमल जैन, बिजेन्द्र जैन, मुकेश जैन, तरूण जैन, अशोक जैन, नरेशचन्द जैन, सचिन जैन, अनुज जैन, सुरेश जैन आदि का सहयोग रहा।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अब 1 मई को जंतर मंतर पर होगा धरना



**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रविवार को अटेवा मुजफ्फरनगर द्वारा विकास भवन में बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी 1 मई को पुरानी पेंशन बहाली मंच एवं अटेवा द्वारा जंतर मंतर दिल्ली में नई पेंशन योजना के विरोध में आयोजित किए जा रहे विशाल राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन को सफल बनाने के उद्देश्य से केंद्र व राज्य सरकारों के सभी विभागों के विभागीय संगठनों के अध्यक्षों, महामंत्रियों के साथ विचार मंचन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामरतन, विशिष्ट अतिथि मनोज त्यागी, डॉ. राहुल कुशवाहा तथा संचालन राकेश पासी ने किया। बैठक में जिले के सभी प्रमुख विभागीय संगठनों शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, सिंचाई, पंचायतीराज, प्रशासन, जीएसटी, आयकर, लोक निर्माण, नगर निकाय एवं तकनीकी सेवा के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया कि मुजफ्फरनगर से अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी व अधिकारी 1 मई को दिल्ली में पहुंचकर प्रदर्शन में भाग लेने के साथ सरकार से पुरानी पेंशन योजना बहाली की अपनी माँग को बुलंद करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से अटेवा के जिलाध्यक्ष प्रीत वर्धन शर्मा, विजय त्यागी, अरविंद मलिक, राहुल चौधरी, संजीव बालियान, फरूख हसन, यशपाल अरोरा, रमेश चंद, विशाल भारद्वाज, मधु सैनी, सार्थक शर्मा, कपिल शर्मा, संजय राठी, प्रशांत शर्मा, प्रियंक देव, सोमपाल, सुभाष यादव, , रोशन लाल, राजन कुमार, विजय यादव, नवनीत सिंह, संजीव जावला, कुलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## टिकौला शुगर मिल ने पेराई सत्र का समापन कर किसानों का भुगतान किया

**रामराज, 6 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र की टिकौला शुगर मिल ने किसानों का समस्त गन्ना खरीदकर पेराई सत्र 2024-25 पूरा करते हुए पेराई सत्र का समापन करते हुए किसानों के गन्ने का भुगतान किया। रामराज क्षेत्र की टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एमसी शर्मा ने बताया कि टिकौला शुगर मिल ने गत 28 अक्टूबर 2024 को पेराई सत्र 2024-25 की शुरूआत करके 6 अप्रैल 2025 तक मिल क्षेत्र के किसानों से उनका समस्त गन्ना करीब एक करोड़ 70 लाख 95 हजार कुंतल की खरीद करते हुए पेराई सत्र को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है तथा मिल प्रबंधन के द्वारा पेराई सत्र के प्रारम्भ से 29 मार्च तक करीब 606 करोड़ 70 लाख रुपये का किसानों को उनके गन्ने का भुगतान किया जा चुका है। शेष बची रकम का भी जल्द ही भुगतान किया जाएगा। मिल प्रबंधन ने पेराई सत्र के दौरान किसानों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए मिल के कर्मचारियों व किसानों को धन्यवाद अदा करते हुए उन्हें बधाई दी।

## लोक चुनाव में रही खामियों को दूर कर जीतेंगे विस 2027 का चुनावः डॉ. सुधीर

### - भाजपा स्थापना दिवस पर गिनाई पार्टी की उपलब्धि




**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** भाजपा के स्थापना दिवस पर गांधीनगर भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने पार्टी की नीतियों को मीडिया से साझा करते हुए विधानसभा चुनाव 2027 में पिछले चुनाव में रही खामियों को दूर करते हुए पार्टी को सभी सीटों पर जीत हासिल कराने का दावा किया। उन्होंने स्वीकार किया कि लोकसभा के चुनाव में इस बार कुछ खामियां रही, जिसके कारण पार्टी का जिले में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा, लेकिन लोकसभा चुनाव से सीख लेकर मीरांपुर चुनाव में बनाई गई रणनीति 2027 में अपनाते हुए कार्यकर्ताओं व जनता के सहयोग से बड़ी मजबूती से लड़ा जाएगा। रविवार को भाजपा के 45 वर्ष पूर्ण होने पर गांधीनगर पार्टी कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से पार्टी के ध्वज को लहराते हुए बड़ी राजनीतिक पार्टी की मजबूती का गर्व कर मिलकर काम करने की शपथ ली। पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सैनानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सन 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि 1984 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को केवल 2 ही सीट मिली थी, लेकिन आज केन्द्र के साथ 19 राज्यों में भाजपा व उसके सहयोगी दलों की वर्तमान में सरकार है। भाजपा ने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछडा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा बनाकर पार्टी को मजबूती दी है। उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्षों में हुए कुल 42 उपचुनाव में भाजपा ने 74 प्रतिशत स्ट्राईक रेट के साथ 32 सीटों पर जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि पार्टी को अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता घर घर जाकर सम्पर्क कर रहे हैं। इस दौरान पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आंचल तोमर, संजय गर्ग, श्रीमोहन तायल, सुधीर खटीक, शरद शर्मा, संजय गर्ग, डॉ. देशबन्धु तोमर, सुनील दर्शन, पवन अरोरा आदि मौजूद रहे।

## गीता पाठ के साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन




**मुजफ्फरनगर, 06 अप्रैल (बु.)।** भरतिया कॉलोनी नई मंडी मनकामनेश्वर महादेव शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, वार्षिकोत्सव एवं श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार में गीतापाठ, भजनभाव व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंदजी द्वारा संचालित श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के महामंत्री अतुल गर्ग ने बताया कि मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में भगवताचार्य अरूण मिश्रा जी के सौजन्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस बीच विधिवत पूजन के बाद श्री गणेश वन्दना, ओम नमो भगवते वासुदेवाय जाप, भगवत स्तुति, प्रार्थना गीता मंत्र, गीता जी के 12वें अध्याय भक्तियोग, अष्टा दश श्लोकी गीता जी का पाठ कराया गया। भजनों की श्रृंखला में राम आयेंगे, भक्तों के घर भी साँवरे आते रहा करो, शबरी जी की महिमा एवं राम जी के बधाई भजन पर सभी उपस्थित श्रद्धालु जन झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण एवं भण्डारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से रामबीर सिंह, सुभाष गोयल, अजय गर्ग, सुभाष गर्ग, पंडित अरूण मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, अशोक शर्मा, विपिन गुप्ता, मांगेराम, अंकित मिश्रा, अमित, प्रदीप, राजकुमार, अजय गर्ग, हरीश, संदीप, जितेंद्र, नवीन, प्रमोद, दीपक, हरीश चावला, मंयक त्यागी, कमल किशोर आदि उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के दौरे के तुरंत बाद श्रीलंका ने रिहा किए 14 भारतीय मछुआरे



**श्रीलंका, 06 अप्रैल (एजेंसी)।** श्रीलंका की जेलों में बंद 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। मछुआरों की ये रिहाई पीएम मोदी के दौरे के महज कुछ घंटों के अंदर ही की गई है। मछुआरों की गिरफ्तारी और उनकी रिहाई को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी, जो आखिरकार दोनों के नेताओं की बातचीत केक बाद सफल हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हमने मछुआरों के मुद्दों पर बात चीत की है। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने मछुआरों की तत्काल रिहाई और उनकी नावों को वापस करने पर जोर दिया है। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित अवैध शिकार के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से मुख्य रूप से तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी तनाव का माहौल था। ऐसी घटनाएं कई बार सामने आ चुकी हैं। यही कारण है कि दोनों देशों के नेताओं मुलाकात में ये मुद्दा चर्चा का केंद्र रहा। 2025 की शुरूआत से अब तक 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नावें श्रीलंकाई सेना ने कथित तौर पर पकड़ी हैं, जिससे तटीय समुदायों में चिंता बढ़ गई है और दखल के लिए बार-बार अपील की गई है। वार्ता के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हमें बताया गया है कि श्रीलंकाई अधिकारियों ने 14 मछुआरों को तुरंत रिहा करने का फैसला किया है और शायद आने वाले दिनों में कुछ और भी रिहा किए जाएंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि यह एक ऐसा विषय था, जिस पर दोनों पक्षों के बीच काफी विस्तार से चर्चा हुई। जैसा कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान खुद कहा कि इन मुद्दों पर सहयोग के लिए मानवीय और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, क्योंकि ये ऐसे मुद्दे हैं जो दोनों पक्षों के मछुआरों की आजीविका को प्रभावित करते हैं।

## पुलिस ने मात्र 2 घण्टे में लावारिस मिली बच्ची के परिजनों को तलाश कर किया सुपुर्द



**चरथावल, 06 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में लावारिस घूमती मिली 3 वर्षीया मासूम बच्ची के परिजनों को पुलिस ने मात्र 2 घण्टे में खोजकर बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजन खुश नजर आए एवं पुलिस का धन्यवाद दिया। चरथावल कस्बे के मौहल्ला आलम नगर निवासी फारुख के यहां रिश्तेदारी में 3 वर्षीया सनाया पुत्री सलमान आई हुई थी। खेलते समय वह अचानक गायब हो गई। परिजनों द्वारा उसकी लगातार तलाश की जा रही थी, परन्तु बच्ची का पता नहीं चल पाया था। वहीं चरथावल पुलिस को एक लावारिस बच्ची खेलते हुए मिली। चरथावल इंस्पेक्टर जसवीर सिंह के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह व महिला कांस्टेबल स्वाति ने लावारिस मिली बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने मात्र 2 घण्टे में बच्ची के परिजनों को खोजकर बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजन खुश नजर आए एवं पुलिस का धन्यवाद दिया।

